समाचार

राजस्व मंत्री, महापौर ने दी स्व.मोतीलाल वोरा को श्रद्धांजलि

कोरबा 22 दिसम्बर 2020 –राजस्व मंत्री श्री जयसिंह अग्रवाल, महापौर श्री राजकिशोर प्रसाद एवं पार्षद व प्रदेश कांग्रेस कार्य समिति के सदस्य श्री सुरेन्द्र प्रताप जायसवाल ने राजीव भवन रायपुर में पूर्व मुख्यमंत्री व कांग्रेस के वरिष्ठतम नेता स्वर्गीय मोतीलाल वोरा को श्रद्धांजलि अर्पित की तथा उनके पार्थिव शरीर पर श्रद्धा सुमन अर्पित किए।

कांग्रेस के वरिष्ठतम नेता व अविभाजित मध्यप्रदेश के दो बार मुख्यमंत्री रह चुके स्वर्गीय मोतीलाल वोरा का पार्थिव शरीर प्रदेश कांग्रेस कार्यालय राजीव भवन रायपुर में आमजन के दर्शनार्थ रखा गया था। राजस्व एवं आपदा प्रबंधन मंत्री श्री जयसिंह अग्रवाल ने स्व.श्री वोरा को अपनी श्रद्धांजलि अर्पित की। महापौर श्री राजकिशोर प्रसाद एवं प्रदेश कांग्रेस कार्य समिति के सदस्य श्री सुरेन्द्र प्रताप जायसवाल ने भी अन्य जनप्रतिनिधियों के साथ स्वर्गीय श्री वोरा को श्रद्धांजलि दी तथा उनके पार्थिव शरीर पर श्रद्धा सुमन अर्पित किया। राजस्व मंत्री श्री जयसिंह अग्रवाल ने कहा कि पूर्व मुख्यमंत्री स्व.श्री वोरा के निधन से कांग्रेस ने एक अत्यंत निष्ठावान,

अनुभवी तथा लोकप्रिय जननेता खो दिया है, श्री वोरा के निधन से उत्पन्न हुई रिक्तता को भर पाना संभव नहीं है। छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश व देश की राजनीति में स्व.श्री वोरा की कमी सदैव महसूस होगी। उनका निधन कांग्रेस के साथ–साथ हम सबके लिए भी अपूरणीय क्षति है। महापौर श्री राजकिशोर प्रसाद ने कहा कि स्व.मोतीलाल वोरा अत्यंत सौम्य, शालीन, मृदूभाषी एवं कांग्रेस के वरिष्ठतम नेता थे, उनकी कमी हम सबको सदैव महसूस होगी, वे दो बार अविभाजित मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री रहे, केन्द्र में केबिनेट मंत्री रहे, उत्तरप्रदेश के राज्यपाल रहे तथा 18 वर्षो तक अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के कोषाध्यक्ष के दायित्व को कुशलतापूर्वक निभाया। प्रदेश कांग्रेस कार्य समिति के सदस्य श्री सुरेन्द्र प्रताप जायसवाल ने कहा कि स्व.मोतीलाल वोरा का निधन हम सबके लिए अत्यंत पीड़ादायक है, कांग्रेस ने एक अत्यंत निष्ठावान नेता तथा देश ने कुशल राजनीतिज्ञ खो दिया है, जिसकी भरपाई संभव नहीं है।